वहां मेहमान कहां से आए जिस मन में अभिमान, Bhajans Bhakti Songs

वहां मेहमान कहां से आए।
जिस मन में अभिमान,
वहां भगवान कहा से आए ॥अपने मन मंदिर में,
ज्योत जलाके देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले ॥ राम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले ॥आधे नाम पे आ जाते,
हो कोई बुलाने वाला।
बिक जाते है राम,
कोई हो मोल चुकाने वाला ॥कोई शबरी झूठे बेर
खिलाके देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले ॥राम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले ॥मन भगवान् का मन्दिर है,

जहाँ मैल न आने देना।
हीरा जन्म अनमोल मिला है,
इसे व्यर्थ गँवा न देना॥शीश झुके हरि मिलते हैं,
झुकाके देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले॥राम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले।
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले॥

Source: https://www.bharattemples.com/vahaan-mehamaan-kahaan-se-aae/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw